आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 02.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भोपाल गैस त्रासदी के 40 साल बाद यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीला कचरा सुरक्षित निपटान के लिए स्थानांतरित।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिये नामांकन पत्रों की जांच पूरी, नाम वापसी का आज अंतिम दिन।
- आबकारी विभाग ने प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए चार हजार चार सौ चालीस करोड़ रूपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया।
- राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में आने वाले दिनों में तापमान, न्यूनतम से अधिक रहेगा।

भोपाल गैस त्रासदी

भोपाल गैस त्रासदी के चालीस वर्ष बाद कल रात यूनियन कॉर्बाइड फैक्ट्री से 377 टन खतरनाक कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। यह जहरीला कचरा सील बंद बारह कंटेनर में भोपाल से 250 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा है। कंटेनरों का ट्रक कल रात लगभग नौ बजे रवाना हुआ। भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुर्नवास विभाग के निदेशक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इन वाहनों के लिए हरित गलियारा निर्मित किया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ कचरा पीथमपुर के कचरा निस्तारण इकाई में जलाया जाएगा और राख में नुकसानदेह तत्वों की मौजूदगी की जांच की जाएगी। भट्टी से निकलने वाला धुआं चार स्तरीय विशेष फिल्टरों के जरिए निकलेगा, ताकि आसपास का क्षेत्र प्रदूषित न हो।

दो और तीन दिसम्बर 1984 की रात यूनियन कॉर्बाइड कीटनाशक फैक्ट्री से अधिक जहरीले मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था। इस घटना में लगभग पांच हजार 479 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोग गंभीर और दीर्घावधि की स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हुए थे। यह घटना विश्व की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में मानी जाती है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने कचरे को स्थानांतरित करने के लिए चार सप्ताह की समय सीमा तय की है।

नाम वापसी

प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिये नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गई है। जांच में 202 नामांकन रद्द हुए। आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसके बाद तीन जनवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किये जाएंगे। मेयर पद के लिये कुल एक सौ दो नामांकन हुए, जिनमें से दो रद्द हो गए। जबकी 43 नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिये दो सौ पचासी नामांकन प्राप्त हुये, जिनमें से 20 निरस्त किये गए। वहीं, 46 नगर पंचायतों में अध्यक्ष के 302 नामांकनों में से 12 रद्द कर दिए गये। निकाय चुनावों के लिये मतदान 23 को, जबकि मतगणना 25 जनवरी को होगी।

जीएसटी संग्रह

पिछले वर्ष दिसंबर महीने में कुल वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में, वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में 7 दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह एक लाख 77 हजार करोड़ रुपये हो गया।

दिसंबर 2023 में सकल वस्तु और सेवाकर–जीएसटी राजस्व एक लाख 64 हजार करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष दिसंबर में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32 हजार आठ सौ छत्तीस करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 40 हजार चार सौ 99 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह 47 हजार सात सौ 83 करोड़ रुपये और उपकर 11 हजार 4 सौ 71 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष नवम्बर में सकल जीएसटी संग्रह में साढे आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और यह एक लाख 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा था।

उत्तराखंड

उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ पांच जनवरी को देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्टस् कालेज में उत्तराखंड स्टेट क्रास कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता सुबह सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगी। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से उत्तर प्रदेश के मेरठ में होने वाली 59वीं नेशलन क्रास कंट्री चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा

हाईटेक एंबुलेंस

देहरादून हवाई अड्डे पर नव वर्ष के पहले दिन यात्रियों की आपातकालीन स्थितियों में मदद के लिए अग्निशमन वाहन दस्ते में हाईटेक एंबुलेंस को शामिल किया गया। नई एंबुलेंस के शामिल होने के बाद फायर सर्विस के पास अब चार एंबुलेंस हो गई है। एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि नई एंबुलेंस अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से लैस हैं। इससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों

को मदद दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंस से यात्रियों की तबीयत बिगड़ने या विमान में कोई आपात स्थिति आने पर यात्रियों को सुरक्षित चिकित्सा कक्ष या अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा।

ट्रेन रद्द

पंजाब में चल रहे किसानों के आंदोलन के चलते देहरादून से पंजाब जाने वाली ट्रेन को सात दिनों के लिए रद्द कर दिया गया है। देहरादून रेलवे स्टेशन के अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि पंजाब में किसान आंदोलन के चलते वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक मुरादाबाद मंडल ने अमृतसर से देहरादून आने वाली ट्रेन को दो से सात जनवरी और दून से अमृतसर जाने वाली ट्रेन को तीन से आठ जनवरी तक के लिए रद्द कर दिया है।

आबकारी राजस्व

आबकारी विभाग ने प्रदेश में इस वर्ष सरकार की ओर से मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए चार हजार चार सौ चालीस करोड़ रूपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। आबकारी आयुक्त हरि चंद्र सेमवाल ने बताया कि इसके लिए विभाग मुस्तैदी से काम कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही राजस्व लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा।

टिकटों की बिक्री

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदी जा सकती हैं। सीधे वेबसाइट और आमंत्रण मोबाइल ऐप से भी टिकट खरीदी जा सकती है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड के लिए टिकटों की कीमत 20 रुपये और 100 रूपये तथा बीटिंग रिट्रीट के लिये 100 रुपये और बीटिंग रिट्रीट रिहर्सल के लिये 20 रुपये होगी।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। इसके चलते ठंड में कमी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के निदेशक ने बताया कि राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में आने वाले दिनों में मौसम साफ बना रहेगा और तापमान, न्यूनतम से अधिक रहेगा।

इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच से सात जनवरी के बीच राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक ऊचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है।

हवाई सेवा प्रभावित

देहरादून में कोहरे के चलते अहमदाबाद से देहरादून आ रही इंडिगो की फ्लाइट के देरी से एयरपोर्ट पर उतरने के कारण दो और फ्लाइट के समय में बदलाव करना पड़ा। फ्लाइट को सुबह 7 बजकर 55 मिनट पर एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन खराब मौसम के चलते इसमें देरी हुई। वहीं, दिल्ली से इंडिगो की सुबह 9 बजे एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइट का समय बदलकर 10 बजकर 47 मिनट कर दिया गया। कोलकाता से आने वाली इंडिगो की तीसरी फ्लाइट का समय बदलकर 9 बजकर 25 मिनट से 11 बजकर 55 मिनट कर दिया गया है।

दुर्घटना

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बागेश्वर जिले की कपकोट तहसील में बदियाकोट से सोराग की तरफ आ रही एक कार के पिंडर नदी में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई। एसडीआरएफ ने इस हादसे में लापता महिला का शव बरामद कर लिया है। उधर, देहरादून के विकासनगर क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क हादसे में दिल्ली–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंशीपुर के पास एक पिकअप और कार की आमने–सामने की टक्कर में कार चालक की मृत्यु हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।